>

Title: Need to declare the road from Dekanal to Joda via Kankarhar, Banspal, Bamberi in Odisha as a National Highway.

श्री यशवंत लागुरी (क्योंझर): ओडिसा सरकार ने आदिवासियों के क्षेत्रों के विकास करने के लिए डेकानाल, जोडा वाया कंकराहाड, तेलकुई, बांसपाल, बामेबारी को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने के लिए निवेदन किया है परंतु केन्द्र सरकार ने अभी तक इस पर निर्णय नहीं लिया है। इसे लंबित करने के कारण ओडिशा के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों का विकास रूका हुआ है। इस प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग पर कई मूल्यवान खनिज के अपार भंडार हैं, परंतु राजमार्ग नहीं होने के कारण यहां पर कोई उद्योग लगने की बजाय यहां के खनिज पदार्थों को ढो कर ले जाया जाता है। इस प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग को घोषित होने के कारण इन सड़कों का विकास हो सकेगा। उससे इस क्षेत्र के औद्योगिकीकरण करने में सहायता मिलेगी, जो देश के संतुलित विकास को दिशा प्रदान करेगा।

सरकार से अनुरोध है कि उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग को शीघ्र घोषित किया जाये।